**03/09**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

भारत और बेल्जियम ने आज व्यापार, निवेश और आर्थिक सहयोग को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर के बीच हुई वार्ता के बाद जारी भारत-बेल्जियम संयुक्त वक्तव्य में द्विपक्षीय व्यापार के क्षेत्रों में बढ़ते विविधीकरण का स्वागत किया गया। भारत और बेल्जियम ने अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। दोनों पक्षों ने फार्मास्यूटिकल्स, लाइफ साइंसेज, सेमीकंडक्टर, रक्षा विनिर्माण, महत्वपूर्ण खनिज, नवीकरणीय ऊर्जा, बंदरगाह, लॉजिस्टिक्स, अंतरिक्ष और उन्नत प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग की महत्वपूर्ण संभावनाओं की पहचान की। दोनों नेताओं ने कहा कि दुनिया की चौबीसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बेल्जियम और आने वाले वर्षों में दस ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के भारत के लक्ष्य के बीच पारस्परिक लाभकारी साझेदारी के लिए व्यापक अवसर मौजूद हैं।

0000000000000000000000000000

शिक्षा मंत्री पी.डी. सोना ने आज विधानसभा अध्यक्ष तेसाम पोङते की अध्यक्षता में आठवीं अरुणाचल प्रदेश विधानसभा की बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की सातवीं बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में सदन के प्रस्तावित कार्यों पर विचार-विमर्श किया गया और आगामी विधानसभा कार्यवाही के लिए कार्यक्रमों की सूची को अंतिम रूप देने पर चर्चा की गई। सोशल मीडिया पोस्ट में शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस तरह की चर्चाएं सदन के कामकाज को व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। इससे राज्य और लोगों से जुड़े विषयों पर सार्थक विचार-विमर्श के लिए पर्याप्त अवसर सुनिश्चित होते हैं।

000000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश की महिला किसानों के लिए बाजार तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत, **रेतुसा वुमेन फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड** - **WFPCL**, नामसाई द्वारा सत्रह मीट्रिक टन कुट्टू यानी बकव्हीट कानपुर स्थित जी.एस. इंटरनेशनल को भेजा गया है। यह पहल राज्य में स्थानीय स्तर पर उत्पादित कृषि वस्तुओं को राज्य के बाहर बड़े बाजारों से जोड़ने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। बकव्हीट की खरीद लोअर दिबांग वैली, लोहित और नामसाई जिलों की महिला किसानों से की गई। इस कार्य में अरुणाचल स्टेट रूरल लाइवलीहुड्स मिशन - ArSRLM ने सुविधा और सहयोग प्रदान किया।

बड़ी मात्रा में कृषि उपज का एकत्रीकरण और सीधे बाजार से जुड़ाव किसानों को अपनी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त करने में मदद करने के साथ-साथ कृषि उत्पादों के सामूहिक विपणन को मजबूत करने में भी सहायक होगा।

000000000000000000000000000

महिला एवं बाल विकास विभाग, तवाङ द्वारा आज डीसी कॉन्फ्रेंस हॉल में महिला और बाल संरक्षण कानूनों तथा योजनाओं पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सरकारी और निजी स्कूलों के शिक्षकों के साथ-साथ अन्य हितधारकों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए CDPO तवाङ दोंदुप पेमा ने महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, कल्याण, ग़रिमा और अधिकारों के संरक्षण के लिए उपलब्ध कानूनों, योजनाओं और संस्थागत सहायता तंत्र के बारे में अधिक जागरूकता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने प्रतिभागियों से कार्यक्रम के दौरान प्राप्त जानकारी को व्यापक समुदाय तक पहुंचाते हुए ज़रुरत पड़ने पर उचित सहायता उपलब्ध कराने का आग्रह किया।

000000000000000000000000000

ईस्ट सियाङ ज़िले के रायाङ निवासी गुमिन पांगेंङ दूरदर्शन, नई दिल्ली से ग्रेड प्राप्त करने वाले अरुणाचल प्रदेश के पहले कथक नर्तक बन गए हैं।

उन्हें प्रतिष्ठित बी-ग्रेड कलाकार का दर्जा मिला है। इस उपलब्धि के अलावा, गुमिन संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली CCRT छात्रवृत्ति के भी प्राप्तकर्ता हैं।

000000000000000000000000000

भारतीय सेना के प्रति एकजुटता और समर्थन व्यक्त करते हुए ताकसिङ तथा आसपास के गांवों के लोग स्वेच्छा से आगे आए हैं। ग्रामीण वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी LAC से लगे दुर्गम सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात सेना के जवानों तक भोजन और अन्य आवश्यक सामान पहुंचा रहे हैं। क्षेत्र में मोटर योग्य सड़क संपर्क उपलब्ध नहीं होने के कारण, कठिन और दुर्गम पहाड़ी इलाकों के बावजूद ग्रामीण सिर पर सामान ढोकर आवश्यक वस्तुएं सेना तक पहुंचा रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि वे अपनी क्षमता के अनुसार भारतीय सेना को हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार हैं। यह पहल स्थानीय लोगों में देश और देश की दुर्गम सीमाओं की रक्षा कर रहे सशस्त्र बलों के प्रति मजबूत देशभक्ति और प्रतिबद्धता की भावना को दर्शाती है।

000000000000000000000000000

कैपिटल कॉम्प्लेक्स एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा अरुणाचल एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन के बैनर तले, इंटर-क्लब बॉक्सिंग चैंपियनशिप के छठे संस्करण का आज नाहरलगन स्थित स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया - SAI STC सेंटर में शुभारंभ हुआ।

इस वर्ष प्रतियोगिता की थीम है “कौशल, एकाग्रता और खेल भावना की भावना का उत्सव”। चैंपियनशिप में पूरे क्षेत्र के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिताएं सब-जूनियर बॉईज़ एण्ड गर्ल्स, जूनियर बॉईज़, यूथ तथा एलीट पुरुष और महिला वर्गों में आयोजित की जा रही हैं।

0000000000000000000000000000

और अरुणाचल प्रदेश की लिपिन एते का चयन चौबीसवीं एशियन कैडेट, जूनियर एवं अंडर-21 कराटे चैंपियनशिप दो हज़ार छब्बीस में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया गया है। यह प्रतियोगिता छह से दस सितंबर तक जॉर्डन में आयोजित की जाएगी।

0000000000000000000000000000